# BSNL EMPLOYEES UNION

**Recognised Union in BSNL**

(Registered Under Indian Trade Union Act 1926. Regn.No.4896)

CHQ:Dada Ghosh Bhawan, Opp. Shadipur Bus Depot., New Delhi – 110008

Email: bsnleuchq@gmail.com, website: bsnleu.in

**P. Abhimanyu**
**General Secretary**

Phone: (O) 011-25705385
Fax : 011- 25894862


बीएसएनएलईयू /102 (सर्कुलर सं. 13) 17 नवंबर, 2018

सेवा में

**सभी केंद्रीय पदाधिकारी,**
**सर्किल सचिव और जिला सचिव**

साथियो,

**03.12.2018 से अनिश्चित कालीन हड़ताल**

जैसा कि आप जानते हैं, ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस ऑफ बीएसएनएल (एयूएबी) ने निम्नलिखित मांगों पर 03.12.2018 को 00.00 बजे से अनिश्चित कालीन हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल का नोटिस 16.11.2018 को पहले ही टेलीकॉम सचिव और सीएमडी बीएसएनएल को दिया जा चुका है।

**(1) तीसरे वेतन संशोधन को 15% फिटमेंट के साथ लागू करो।**
**(2) बीएसएनएल प्रबंधन द्वारा सौंपी गई शर्तों के अनुसार बीएसएनएल को 4 जी स्पेक्ट्रम का आबंटन।**
**(3) 01.01.2017 से बीएसएनएल सेवानिवृत्तों के लिए पेंशन संशोधन।**
**(4) बीएसएनएल द्वारा सरकारी नियमों के अनुसार पेंशन अंशदान का भुगतान।**
**(5) दूसरी वेतन संशोधन कमेटी के बकाया मुद्दों का हल।**

हाल ही मे, एयूएबी के आह्वान पर 30.10.2018 को देशभर में धरना कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। एसके बाद 14.11. 2018 को कारपोरेट ऑफिस, सर्किल और जिला मुख्यालयों पर बहुत ही प्रभावशाली रैलियां आयोजित की गईं। चूंकि हमारे मुद्दों को शांतिपूर्वक हल करने के लिए हमारे सारे प्रयत्न विफल हो गए हैं, अनिश्चित कालीन हड़ताल का आह्वान किया गया है।

बीएसएनएलईयू की सभी सर्किल और जिला यूनियनों को हड़ताल को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी प्रयत्न करने चाहिएं। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि सरकार हमारी हड़ताल शुरू होते ही फौरन हमारे मुद्दों को हल करने के लिए सामने आएगी। हड़ताल लंबे समय तक चल सकती है। इसलिए सर्किल और जिला यूनियनों को कर्मचारियों को ऐसी हड़ताल के लिए मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए। हड़ताल पर जाने के अलावा हमें देश की जनता के बीच हमारी मांगों को समझाने के लिए फौरन एक व्यापक अभियान छेड़ना पड़ेगा। यह नुक्कड़ मीटिंगों और जनता के बीच पर्चे बांटकर किया जा सकता है।

**08 और 09 जनवरी 2019 को दो दिवसीय हड़ताल**

28.09.2018 को नई दिल्ली में हुई मजदूरों की राष्ट्रीय कन्वेंशन ने सरकार की मजदूर विरोधी और कारपोरेट समर्थक नीतियों के खिलाफ 08 और 09 जनवरी 2019 को दो दिन की आम हड़ताल पर जाने का मजदूर वर्ग का आह्वान किया है। बीएसएनएलईयू की 22 और 23 अक्टूबर को गाजियाबाद में हुई सीईसी मीटिंग ने हड़ताल को असरदार तरीके से आयोजित करने का कर्मचारियों का आह्वान किया है। हड़ताल आयोजित करने के लिए एक बहुत ही असरदार अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया है।

**गजियाबाद सीईसी मीटिंग के फैसले**

बीएसएनएलईयू की एक सीईसी मीटिंग 22 और 23 अक्टूबर 2018 को गाजियाबाद में हुई। मीटिंग ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जो हमारे वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित हैं और टेलीकॉम और बीएसएनएल स्वर के नवंबर अंको में छपे हैं। हम फैसलों को, उनको लागू करने के अनुरोध के साथ, एक बार पुनः दुहरा रहे हैं :

(1) मीटिंग ने 28.09.2018 को नई दिल्ली में हुई मजदूरों की राष्ट्रीय कन्वेंशन के सरकार की कारपोरेट समर्थक और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 08 और 09 जनवरी 2019 को भारत के मजदूर वर्ग के दो दिवसीय आम हड़ताल के आह्वान के निर्णय का पूरे दिल से स्वागत किया। मीटिंग ने सीएचक्यू, सर्किल और जिला यूनियनों का दो दिवसीय आम हड़ताल के आयोजन के लिए देश भर में एक जोरदार अभियान चलाने का आह्वान किया। मीटिंग ने यह भी तय किया कि कर्मचारियों को लामबंद करने के लिए सभी सर्किलों में विस्तारित सर्किल एक्जीक्यूटिव कमेटी मीटिंग आयोजित की जानी चाहिएं और जिला स्तरों पर भी सामूहिक मीटिंगें आयोजित की जानी चाहिएं।

(2) मीटिंग ने संचार राज्य मंत्री द्वारा वेतन संशोधन, बीएसएनएल को 4 जी स्पेक्ट्रम के आबंटन, पेंशन संशोधन और कर्मचारियों के वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन अंशदान के भुगतान पर दिए गए आश्वासनों को लागू न किए जाने के मुद्दे पर एयूएबी के आंदोलन कार्यक्रम का स्वागत किया। मीटिंग ने एयूएबी के अगर मुद्दों को 30 नवंबर 2018 तक हल नहीं किया जाता तो हड़ताल कार्रवाई पर जाने के फैसले का भी अनुमोदन किया। मीटिंग ने सर्किल और जिला यूनियनों का यह भी आह्वान किया कि वे कर्मचारियों को एक हड़ताल कार्रवाई के लिए – अगर जरूरी हो तो अनिश्चित कीलीन हड़ताल के लिए भी – गंभीरता से लामबंद करें।

(3) मीटिंग ने नॉन–एक्जीक्यूटिवों के वेतन संशोधन के संबंध में जो घटना विकास हुआ है उसकी भी समीक्षा की। मीटिंग ने यह संतोष व्यक्त किया कि नॉन–एक्जीक्यूटिवों की दो मान्यता प्राप्त यूनियनों बीएसएनएलईयू और एनएफटीई वेतन संशोधन की वार्ता के लिए संयुक्त कमेटी में एक साझा रुख अपना रही हैं। मीटिंग ने यह संतोष भी व्यक्त किया कि संयुक्त कमेटी में वेतनमान इस तरह लगभग तय किए गए हैं कि वेतन संशोधन के बाद ठहराव की समस्या पैदास न हो। लेकिन मीटिंग ने अपनी चिंता व्यक्त की कि एचआरए संशोधन के मुद्दे पर प्रबंधन ने एचआरए को 31.12.2016 पर फ्रीज करने का प्रस्ताव इस तर्क के आधार पर रखा है कि प्रबंधन ने एक्जक्यूटिवों के लिए पहले ही सिफारिश की है और यह तक भी दिया है कि डॉट एचआरए संशोधन के साथ साथ

वेतन संशोधन की स्वीकृति नहीं दे सकता। मीटिंग ने अपना विचार व्यक्त किया कि बड़ी संख्या में कर्मचारियों को, अगर एचआरए संशोधन से इंकार किया जाता है, तो अगले 10 सालों के लिए एचआरए संशोधन के लाभ से बंचित किया जाएएगा। इसलिए मीटिंग ने सीएचक्यू से अनुरोध किया कि वह एचआरए संशोधन के साथ वेतन संशोधन सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रयत्न करे।

(4) मीटिंग ने जनवरी 2019 में आयोजित की जाने वाली दो दिवसीय आम हड़ताल को देखते हुए अखिल भारतीय केंद्र के अखिल भारतीय कॉन्फ्रेंस की तिथियों को प्रीपोन करने के फैसले का अनुमोदन किया। अखिल भारतीय कॉन्फ्रेंस आयोजित करने के लिए वित्तीय स्थिति पर विस्तृत चर्चा करने के बाद मीटिंग ने अखिल भारतीय कॉन्फ्रेंस के लिए डेलीगेट फी 1000 रू. तय करने का निर्णय लिया। मीटिंग ने इस मुद्दे पर सभी कामरेडों से सहयोग करने का अनुरोध किया ताकि अखिल भारतीय कॉन्फ्रेंस सफलतापूर्वक आयोजित की जा सके।

(5) बीएसएनएल केजुअल कंट्रैक्ट वर्कर्स फेडरेशन ने केजुअल और ठेका मजदूरों की समस्याओं के हल की मांग करते हुए 20 नवंबर 2018 को धरना आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह मीटिंग सर्किल और जिला यूनियनों को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरा समर्थन करने का आह्वान करती है।

(6) मीटिंग ने सीएचक्यू और मध्य प्रदेश सर्किल यूनियन की 30 सितंबर 2018 को भोपाल में बहुत ही सफल युवा मजदूर कन्वेंशन आयोजित करने के लिए प्रशंसा की। अखिल भारतीय युवा मजदूर कन्वेंशन की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में मीटिंग ने सर्किल यूनियनों से जहां भी युवा मजदूर कन्वेंशनें आयोजित नहीं की गई हैं, उन्हें आयोजित करने का अनुरोध किया।

(7) मीटिंग ने बीएसएनएल कामकाजी महिला समन्वय समिति की फंक्शनिंग की समीक्षा की और अपना संतोष प्रकट किया। मीटिंग ने बंगलूरू में अखिल भारतीय कमेटी मीटिंग सफलतापूर्वक आयोजित करने और एक असरदार महिला सेमीनार आयोजित करने पर संतोष व्यक्त किया जिसे एडवा उपाध्यक्ष कॉम. सुधा सुंदररमन ने संबोधित किया। मीटिंग ने संतोष के साथ यह भी नोट किया कि बीएसएनएल डब्ल्यूडब्ल्यूसीसी आयोजित करने के लिए मध्य प्रदेश की सर्किल स्तरीय कन्वेंशन और तमिल नाडु की सर्किल कॉन्फ्रेंस भी सफलतापूर्वक आयोजित की गई है। मीटिंग ने जिन सर्किलों में कामकाजी महिला समन्वय समिति अभी तक गठित नहीं हुई है उनमें शीघ्रता के साथ उसे गठित करने का आह्वान किया।

(8) मीटिंग ने बीएसएनएल की सेल्स और मार्केटिंग को तेज करने के लिए एयूएबी द्वारा ''बीएसएनएल आपके द्वार'' आंदोलन के फैसले का स्वागत किया। मीटिंग ने संतोष के साथ नोट किया कि ''बीएसएनएल आपके द्वार'' आंदोलन का उदघाटन बीएसएनएल की ब्रांड अम्बेसेडर सुश्री मेरी कॉम द्वारा एयूएबी प्रतिनिधियो और सभी सीजीएम्ज की उपस्थिति में कारपोरेट ऑफिस में 24.09.2018 को किया गया। इस प्रकार ''बीएसएनएल आपके द्वार'' आंदोलन कर्मचारियों और प्रबंधन का ज्वाइंट वेन्चर बन गया है। लेकिन मीटिंग ने चिंता के साथ नोट किया कि ''बीएसएनएल आपके द्वार'' में अभी तक गति नहीं आई है। इसलिए मीटिंग ने सभी सर्किल और जिला यूनियनों से अनुरोध किया कि वे दूसरी यूनियनों और एसोसिएशनों के साथ निकट सहयोग करके ''बीएसएनएल आपके द्वार'' आंदोलन को शानदार तरीके से सफल बनाने के लिए पूरे प्रयत्न करें।

(9) मीटिंग ने सीएचक्यू की प्रशंसा की कि उसने महत्वपूर्ण मुद्दों पर हिंदी में भी वेबसाइट अपडेटिंग करना शुरू कर दिया है। मीटिंग का विचार था कि इन प्रयत्नों से हिंदी भाषी सर्किलों में भी कामरेडों को अखिल भारतीय स्तर पर हो रहे घटना विकास को नजदीकी से जानने में मदद मिलेगी। मीटिंग ने सीएचक्यू से इस प्रयत्न को जारी रखने का अनुरोध किया।

**एयूएबी को मजबूत करो**

7वें सदस्यता सत्यापन के बाद फोरम के प्रमुख घटकों के बीच कुछ मतभेद सामने आ गए थे। इसके कारण फोरम निर्जीव हो गया। एक वृहत संगठन की अनुपस्थिति ने हमारे संयुक्त संघर्षों को नजरअंदाज किया। इसलिए बीएसएनएलईयू ने सभी यूनियनों और एसोसिएशनों का एक संयुक्त मंच बनाने के लिए लगातार प्रयत्न जारी रखे। ये प्रयत्न 4 अक्टूबर, 2017 को सफल हुए, और उस दिन ''ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस ऑफ बीएसएनएल'' (एयूएबी) का गठन किया गया। इसके बनने बाद भी, एयूएबी कुछ कारणों से बिना एक कन्वीनर के ही काम कर रहा था। लेकिन, 02.11.2018 को हुई एयूएबी मीटिंग में इस मुद्दे पर चर्चा की गई और सर्वसम्मत निर्णय लिए गए। इसी के अनुरूप, कॉम. चंदेश्वर सिंह, जीएस, एनएफटीई चेयरमैन चुने गए और कॉम. पी अभिमन्यु, जीएस, बीएसएनएलईयू कन्वीनर चुने गए। यह भी निर्णय लिया गया है कि तमाम पत्र–व्यवहारों पर चेयरमैन और कन्वीनर, दोनों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। उस मीटिंग में यह निर्णय भी लिया गया है कि सभी सर्किल और जिला मुख्यालयों में एयूएबी का गठन किया जाएगा। चेयरमैन और कन्वीनर चुनने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर अपनाए गए पैटर्न को सर्किल और जिला स्तरों पर भी अपनाया जाएगा।

सधन्यवाद

आपका

**(पी अभिमन्यु)**
**जनरल सेक्रेटरी**